महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय, आजमगढ़

Email- registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com

पत्रांक-4716/कु0का0/2024 दिनांक-15/10/2024

कार्यालय आदेश

विषय– सत्र 2021–23 बी0एड0 चतुर्थ सेमेस्टर के Old-Course के छात्रों की परीक्षा कराये जाने के सम्बन्ध में।

मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार एतद्द्वारा सर्वसम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि बी0एड0 पाठ्यक्रम के तृतीय सेमेस्टर सत्र 2021–23 के छात्रों को पुराने पाठ्यक्रम में परीक्षा देनी थी परन्तु इनके द्वारा नये पाठ्यक्रम में परीक्षा दी गयी थी, ऐसे छात्रों का परीक्षाफल निर्मित करने के सम्बन्ध में मा0 कुलपति जी द्वारा एक समिति गठित की गयी थी। परीक्षा समिति की **24वीं** बैठक दिनांक 13.07.2024 द्वारा छात्रहित में समिति द्वारा ऐसे छात्रों का पुनः पुराने पाठ्यक्रम पर परीक्षा कराये जाने को निर्देशित किया, तथा उक्त परीक्षा के बाद ही शीघ्रातिशीघ्र उक्त छात्रों की चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा भी कराने का निर्णय लिया गया है।

उक्त के क्रम में सत्र 2021–23 बी0एड0 चतुर्थ सेमेस्टर के Old-Course के छात्रों के परीक्षा फार्म ऑनलाइन भरने हेतु पोर्टल ऑनलाइन परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://msdsu.ac.in अथवा msdsuonline.in पर निम्न विवरण के अनुसार भरें जाएगें। तद्नुसार निर्धारित समयान्तर्गत परीक्षा फार्म भरना सुनिश्चित करें।

नोट– ऐसे छात्र जो पहले से परीक्षा फार्म भर चुकें उनको पुनः परीक्षा फार्म भरने की आवश्यकता नही है।

क्र0सं0	कार्य विवरण	तिथियां
1	निर्धारित शुल्क के साथ बी0एड0 चतुर्थ सेमेस्टर के Old-Course परीक्षा फार्म भरने की प्रारम्भिक तिथि	दिनांक–20.10.2024
2	निर्धारित शुल्क के साथ बी0एड0 चतुर्थ सेमेस्टर के Old-Course परीक्षा फार्म भरने की अन्तिम तिथि	दिनांक–23.10.2024
3	महाविद्यालयों द्वारा बी0एड0 चतुर्थ सेमेस्टर के Old-Course परीक्षा फार्मो का शुद्धीकरण एवं सत्यापन	दिनांक–24.10.2024
4	प्रवेश पत्र डाउनलोड होने की तिथि	दिनांक–27.10.2024
5	परीक्षा प्रारम्भ होने की सम्भावित तिथि	दिनांक–09.11.2024

भवदीय

कुलसचिव 15.10.24

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव कुलपति को, माननीय कुलपति महोदय को सूचनार्थ।
2. प्राचार्य/प्राचार्या/समस्त सम्बन्धित शासकीय/अशासकीय एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
3. ऑनलाइन एजेन्सी को इस आशय से प्रेषित है कि, उक्त कार्यालय आदेश को महाविद्यालय के कालेज लॉगिन एवं विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें तथा उपरोक्तानुसार ऑनलाइन परीक्षा फार्म भरवाने एवे ऑनलाइन निर्धारित शुल्क जमा कराए जाने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। विश्वविद्यालय के व्हाट्सएप ग्रुप में शेयर करने हेतु।
4. मीडिया प्रभारी को समस्त दैनिक समाचार पत्रों में व्यापक जनहित में निःशुल्क प्रकाशित कराने हेतु।

कुलसचिव

Scanned with OKEN Scanner